# महोबा पुलिस

दिनांकः- 02.02.2021

सोशल मीडिया सेल

## “मिशन शक्ति” अभियान- नारी सुरक्षा और सम्मान, यह है हम सबका अभिमान...।

उ0प्र0 शासन व उ0प्र0 पुलिस के द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं को जागरुक किये जाने हेतु चलाये जा रहे महाभियान *मिशनशक्ति* के तहत आज दिनाँक 02.02.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में जनपद में संचालित हो रहे **“मिशन शक्ति”** महाभियान कार्यक्रम के तहत प्रभारी महिला थाना उ0नि0 शिल्पी शुक्ला मय हमराही कर्मचारियों के साथ रोडवेज बस स्टैण्ड महोबा में उपस्थित बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया तथा उपस्थित सभी को नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन व नारी सुरक्षा के प्रति जागरुक किया गया तथा उन्हे हेल्पलाइन नम्बरों- वूमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन-181, आपातकाल सेवा-112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नम्बर-1076, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, एम्बुलेंस सेवा-108 एवं सभी को जनपद के प्रमुख अधिकारियों के सीयूजी नंबरो के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हे साइबर अपराध एवं महिला कानूनो की भी जानकारी दी गई।








दिनांकः- 02.02.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा सरस्तवी विद्या मन्दिर इण्टर कालेज चरखारी में आयोजित गोष्ठी में छात्र/छात्राओं को यातायात के नियमों का पालन करने का दिलाया संकल्प ...।



आज दिनांक 02.02.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में निर्धारित कार्यक्रम के अन्तर्गत सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज चरखारी में आयोजित गोष्ठी की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा यातायात के प्रति जागरुक करते हुये कहा गया कि यातायात के नियमों की सही जानकारी व उनका पालन करने से सडक दुर्घटनाओं को रोंका जा सकता है, यातायात सडक सुरक्षा में छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहता है अतः आप सभी वाहन चलाते समय सदैव हेलमेट का प्रयोग करें, नशे का सेवन न करें तथा वाहनों को अधिक गति से न चलायें, वाहनों पर स्वीकृत सवारियों से अधिक सवारियों को न बैठायें तथा वैध लाइसेंस के साथ ही वाहन चलाने के साथ-साथ वाहनों को निर्धारित दिशा में चलाने हेतु जागरुक किया गया।





इसी क्रम में छात्र-छात्राओं को बताया गया कि आप भी यातायात से लोगों को जागरुक कर यातायात सडक सुरक्षा में योगदान कर सकते हैं। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों का पालन करने का संकल्प लिया।





आयोजित गोष्ठी में थाना प्रभारी चरखारी श्री लाखन सिंह, प्रभारी यातायात अरविन्द मिश्रा, पीआरओ राजेश मौर्य, चौकी प्रभारी कस्बा चरखारी आशुतोष मिश्रा आदि अधिकारी/कर्म0 के साथ स्कूल प्रशासन के सम्मानित शिक्षकगण मौजूद रहे।

## थाना कुलपहाड पुलिस टीम ने अवैध गांजे के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तारः-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के.गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड श्री राम प्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अवैध मादक पदार्थों में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी बरामदगी अभियान के क्रम में आज दिनांक 02.02.2021 को थाना कुलपहाड प्र0नि0 रविन्द्र कुमार तिवारी द्वारा गठित टीम जिसमें उ0नि0 रघुनाथ यादव ने मय हमराही कर्मचारी गणो की मदद से मुखबिर की सूचना पर एक नफर अभियुक्त ज्ञान प्रकाश उर्फ राजा बाबू सोनी पुत्र परमानन्द सोनी उम्र करीब **34** वर्ष को कुलपहाड़ स्टेशन रोड तिराहे से बेलाताल जाने वाली सड़क पर बहद कस्बा कुलपहाड से गिरफ्तार किया जिसके कब्जे से एक झोले में 240 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ । गिरफ्तार शुदा अभियुक्त के विरुद्ध थाना हाजा पर मु**0**अ**0**सं**0** **27/2021** धारा **8/20 NDPS ACT** पंजीकृत कर नियमानुसार कार्यवाही करते हुये अभियुक्त को मां0 न्यायालय पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

**(1)** ज्ञानप्रकाश उर्फ राजाबाबू सोनी पुत्र परमानन्द सोनी उम्र करीब **34** वर्ष निवासी मु**0** गौतमिया राजावार्ड कस्बा व थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा।

### विवरण बरामद मालः-

एक झोले में अवैध 240 ग्राम गांजा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

**(1)** उ**0**नि**0** रघुनाथ यादव थाना कुलपहाड

**(2)** कां**0** आमिर खान थाना कुलपहाड

**(3)** कां**0** नीलेश यादव थाना कुलपहाड



## थाना चरखारी पुलिस टीम ने 01 किलो, 600 ग्राम सूखा गांजा सहित अभियुक्त को किया गिरफ्तार....।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के .गौतम व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री राजकुमार पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अवैध मादक पदार्थों में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी बरामदगी अभियान के क्रम में आज दिनांक 02.02.2021 थाना प्रभारी श्री लाखन सिंह द्वारा गठित टीम जिसमें उ.नि. अविनाश मिश्र मय हमराह का. संदीप यादव व का. आशीष कुमार के द्वारा काकुन तिराहे से काकुन रोड पर करीब 50 कदम दूर फासला करीब **11** कि**0**मी**0** उत्तर से अभियुक्त राकेश यादव पुत्र रतिराम यादव उम्र करीब **38** वर्ष निवासी ग्राम रिवई थाना चरखारी जिला महोबा के कब्जे से प्लास्टिक की बोरी में 1 किलो **600** ग्राम सूखा गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 33/21 धारा **8/20 NDPS ACT** अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही सम्पादित की गयी।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ.नि. अविनाश मिश्र
2.का. संदीप यादव
3. का. आशीष कुमार

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

राकेश यादव पुत्र रतिराम यादव उम्र करीब **38** वर्ष निवासी ग्राम रिवई थाना चरखारी जिला महोबा

### बरामदगीः-

अभियुक्त के कब्जे से प्लास्टिक की बोरी में 1 किलो **600** ग्राम सूखा गांजा नाजायज बरामद होना।



दिनांकः- 02.02.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## थाना चरखारी पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तारः-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के .गौतम व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री राजकुमार पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे वारण्टी/वांछित अपराधियों के धरपकड अभियान के क्रम में आज दिनांक 02.02.2021 थाना प्रभारी श्री लाखन सिंह द्वारा गठित टीम जिसमें उ0नि0 आशुतोष त्रिपाठी मय हमराही हे0का0 बृजेश कुमार द्वारा मुहल्ला नवादा कस्बा व थाना चरखारी से वांछित वारण्टी बुन्देला ट्रेडर्स प्रोफाइटर नरेन्द्र सिंह पुत्र श्री बृजगोपाल सिंह नि.मु. नवादा कस्वा व थाना चरखारी जिला महोबा उम्र करीब 38 वर्ष अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 325/19 धारा 138 **NI ACT** अभियोग पंजीकृत है। जो मां0 न्यायालय जे0एम0 कोर्ट चरखारी से सम्बन्धित वारण्टी है।

### गिरफ्तार करने वाली टीम

1. उ0नि0 आशुतोष त्रिपाठी
2. हे0का0 बृजेश कुमार

### गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्त का विवरणः-

बुन्देला ट्रेडर्स प्रोफाइटर नरेन्द्र सिंह पुत्र श्री बृजगोपाल सिंह नि.मु. नवादा कस्वा व थाना चरखारी जिला महोबा उम्र करीब 38 वर्ष।



# महोबा पुलिस

दिनांकः- 02.02.2021

सोशल मीडिया सेल

## "मिशन शक्ति" अभियान- कोई करे परेशान तो तुरन्त करें हेल्पलाइन नम्बर डायल...।

उ0प्र0 शासन व उ0प्र0 पुलिस के द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं को जागरुक किये जाने हेतु चलाये जा रहे महाभियान *मिशनशक्ति* के तहत आज दिनाँक 02.02.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में जनपद में संचालित हो रहे "मिशन शक्ति" महाभियान कार्यक्रम के तहत नोडल अधिकारी मिशन शक्ति निरीक्षक श्रीमती रचना सिंह ने मय टीम के साथ स्व0 बी0 एस0 इण्टर कालेज कबरई में प्रधानाचार्या श्रीमती जुलेखा खातून की उपस्थिति में स्कूली छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया जिसमें कहा कि सभी छात्रायें अपने अधिकारों के प्रति सजग और जागरुक रहें आज के समय में छात्रायें किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है आप अपनी शक्ति को पहचाने इसी क्रम में कहा कि स्कूल आते जाने समय हमेशा सतर्क रहें और रास्ते में यदि कोई आपका पीछा करता है या कोई अपशब्द/अश्लील बातें या फब्तियां कसता है तो आप सभी को अपने सम्मान, अपनी सुरक्षा व स्वावलंबन के प्रति जागरुक होकर तत्काल असामाजिक तत्वों के विरुद्ध हेल्पलाइन नम्बरों- 112, 1090, 1076 या अपने नजदीकी पुलिस थाने को सूचना दें या फिर पुलिस के ट्वीटर हैंडल @mahobapolice का भी प्रयोग कर शिकायत दर्ज कराते हुये शोहदों को उनका सबक सिखायें इसी क्रम में सभी को जनपद के प्रमुख अधिकारियों के सीयूजी नंबरो के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हे साइबर अपराध एवं महिला कानूनो की भी जानकारी दी देते हुये सभी को मिशनशक्ति जागरुकता पम्पलेट्स का वितरण भी किया गया।








दिनांकः- 02.02.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## “सम्पूर्ण समाधान दिवस” पर सुनी गई जनसमस्याऐं



आज दिनाँक 02.02.2021 को जिलाधिकारी महोबा श्री सत्येन्द्र कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तहसील चरखारी में “सम्पूर्ण समाधान दिवस” का आयोजन किया गया । जिसमें तहसील क्षेत्र के दूर-दराज से फरियादी आये और अपनी समस्याओं को प्रा0पत्र के माध्यम से सम्बन्धित विभाग/अधिकारियों के समक्ष रखा गया । जिलाधिकारी/पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों/कर्म0गणों को फरियादियों की समस्याओं को समयावधि में तत्परता से निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया । इस दौरान क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री राजकुमार, एसडीएम चरखारी, समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष, सर्किल के समस्त थानों के प्रभारी, SP-Pro उ0नि0 राजेश मौर्य उपस्थित रहे ।







## महोबा पुलिस द्वारा पैदल गस्त करके की गई संदिग्धों/वाहनों एवं धार्मिक-स्थलों की चेकिंग



आज दिनाँक 02.02.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में पैदल गस्त बस-स्टैण्ड, होटल, ढाबा, मुख्य बाजार,धार्मिक-स्थलों आदि की संघन चेकिंग की गई एवं चार-पहिया, दो-पहिया वाहनों की सघन चेकिंग की गई । गस्त के दौरान रोड़ पर अनावश्यक रुप से खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गई एवं उन्हे वहाँ से हटने व घर जाने के लिए कहा गया । **कोविड-19** का पालन कराये जाने तथा यातायात नियमो का उल्लंघन करने पर **44 व्यक्तियों से 6000/-रू0** जुर्माना व **48 ई-चालान किये गये ।**








दिनांक 02.02.2021
सड़क सुरक्षा माह
महोबा पुलिस
GOOD MORNING MAHOBA
महोबा पुलिस ने `गुड मॉर्निंग महोबा` कह लोगों का अभिवादन किया और क्षेत्र में मॉर्निंग वॉक कर रहे लोगों से बात की व उनकी समस्याओं के बारे में पूछा गया।
'गुड मॉर्निंग महोबा' कार्यक्रम पुलिस और नागरिकों के बीच संवाद की कमी को दूर करने का एक अच्छा माध्यम बन रहा है।
सोशल मीडिया सेल